मैया दिल में धीरज बांधो मोहे कछु ना होयगो

मैया दिल में धीरज बांधो मोहे कछु ना होवेगो,
कछु ना होवेगो मोहे कछु ना होवेगो,
मैया दिल में धीरज बांधो मोहे कछु ना होवेगो.....

जब से मैया मैने जन्म लियो है,
हरी नाम को जाप कियो है,
मैया मैने कियो हरी को ध्यान मोहे कछु ना होवेगो,
कछु ना होवेगो मोहे कछु ना होवेगो,
मैया दिल में धीरज बांधो मोहे कछु ना होवेगो.....

जब मैया मै तीन बरस को,
गुरु बनायो नारद मुनि को,
मैया मै लियो गुरु से ज्ञान मोहे कछु ना होवेगो,
कछु ना होवेगो मोहे कछु ना होवेगो,
मैया दिल में धीरज बांधो मोहे कछु ना होवेगो....

जब मैया मै पांच बरस का,
पिता मेरे ने पहाड़ से फेका,
मैया मोहे हरी ने लियो बचाये मोहे कछु ना होवेगो,
कछु ना होवेगो मोहे कछु ना होवेगो,
मैया दिल में धीरज बांधो मोहे कछु ना होवेगो....

लेलो पिताजी नाम हरी का,
तुम तर जाओगे,
पाप कर्म से मुक्ति पाकर बैकुंठ जाओगे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27249/title/mayia-dil-me-dheeraj-bandho-mohe-kuchu-na-hoyego

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |